AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीटेक-बीफार्मा में सीधे प्रवेश की मेरिट जारी

लविवि ने वेबसाइट पर किया अपलोड, 16 को होंगे प्रवेश

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय में चल रहे बीटेक, बीफार्मा, एमसीए के पहले सेमेस्टर व बीटेक, बीफार्मा लेटरल एंट्री की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों की मेरिट जारी कर दी गई है। चयनित विद्यार्थी 16 नवंबर को न्यू कैंपस में अपना प्रवेश सुनिश्चित करवा सकते हैं।

डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. एके सिंह के अनुसार, एकेटीयू की ओर से आयोजित यूपीटेक की काउंसिलिंग के बाद संस्थान में विभिन्न कोर्सों में कुछ सीटें खाली थीं। इसके लिए कराए गए रजिस्ट्रेशन के आधार पर चयनित विद्यार्थियों की मेरिट जारी कर दी गई है। विद्यार्थी इसे विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं। बदले हुए शेड्यूल के अनुसार, प्रवेश 16 नवंबर को होंगे। चयनित विद्यार्थियों में निर्धारित प्रवेश परीक्षा से आए और बिना प्रवेश परीक्षा के आए विद्यार्थियों की सूची अलग-अलग जारी की गई है। कक्षाएं 23 नवंबर से शुरू होंगी।

हॉस्टल के लिए आवेदन 16 तक :

लविवि प्रशासन ने बीटेक, बीटेक लेटरल एंट्री, एमसीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को छात्रावास के लिए 16 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन करने को कहा है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह के अनुसार, विद्यार्थी एचएमएस पोर्टल पर 50 रुपये शुल्क देकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

चेक किए आईकार्ड, बाहरियों को चेतावनी

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को भी प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम ने कैंपस में कई जगह विद्यार्थियों को रोककर आईकार्ड चेक किया और क्लास के बाद सीधे घर जाने को कहा। इस दौरान कुछ बाहरी भी पकड़े गए, जिन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया।

पीजी का फिजिकल वेरीफिकेशन 14 को :

लविवि ने परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत शुल्क जमा करने वाले व प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर जारी होने वाले विद्यार्थियों को 14 नवंबर को संबंधित विभागों में फिजिकल वेरीफिकेशन कराने को कहा है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार, उक्त विद्यार्थी अपने प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर, फीस रसीद के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र व उसकी एक सेल्फ अटेस्टेड कॉपी लेकर संबंधित विभाग में उपस्थित हों।

HINDUSTAN PAGE 8

हॉस्टल के दिन यादकर भावुक हुए

एल्युमिनाई

हबीबुल्लाह छात्रावास में शनिवार को पूर्व छात्रों के साथ कुलपति आलोक कुमार।

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले पूर्व छात्रों ने शनिवार को यादें ताजा कीं। इस मौके पर पूर्व छात्रों ने कई खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। पूर्व छात्रों ने कहानियां साझा कीं। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, अमर हबीबुल्लाह और आईएएस रमाकांत पांडे ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। एल्युमिनाई संघ की तरफ से स्मृति चिह्न दिए गए।

पूर्व छात्र एवं न्यायमूर्ति बृजराज सिंह भावुक हो गये और कहा जब लाइट चली जाती थी तो हमारे नारे लगते थे। छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री अनिल सिंह वीरू ने बताया कि किस तरह से हास्टल के छात्र एकजुट रहतेथे। आईएएस रमाकांत पांडे ने कहा हॉस्टल में पढ़ने वाले को कभी भी कोई परेशानी नहीं होती थी।

एलयू में चलाया गया चेकिंग अभियान

लखनऊ। दो दिन पहले हुई मारपीट की घटना के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। बिना परिचय पत्र के किसी को भी भीतर प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कड़ी जांच के लिए कई टीमें तैनात की हैं। शनिवार को खुद चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने टीम के साथ पूरे परिसर में चेकिंग अभियान चलाया। कुछ संदिग्ध छात्रों को परिसर के बाहर किया। सबसे अधिक सुरक्षा अशोक वाटिका, कला संकाय और सांख्यिकी विभाग की तरफ थी। अपराह्न तीन बजे तक अभियान चला।

एलयू की खिलाड़ियों ने खूब बरसाए चौके-छक्के

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। रागिनी, प्रकृति, आस्था सामने से आ रही गेंदों को छलांग लगाकर रोक रहीं थीं। वहीं स्नेह प्रभा, शिती भाटिया और नीतू बल्ले से चौके और छक्के मारने का प्रयास कर रही थीं। लखनऊ विश्वविद्यालय के क्रिकेट मैदान का नजारा ही कुछ अलग था। पहली दफा लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम शिमला में होने वाली नॉर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रही है। शनिवार को टीम ने अभ्यास किया।

कुलपति ने बढ़ाया हौसला: विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मैदान पर पहुंचकर हौसला बढ़ाया। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि जिस खेल उपकरण की आवश्यकता होगी उसे उपलब्ध कराया जाएगा। कुलपति के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार, मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, क्रिकेट क्लब प्रेसिडेंट डा. अजय कुमार आर्या भी थे। प्रशिक्षण शिविर के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों की 23 खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। इसी में अंतिम सोलह सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा।

शिविर में शामिल खिलाड़ी

रिशिता, सलोनी सोनी, (केकेसी), अंशिका खरवार, उन्नति मिश्रा, शिती भाटिया,(आईटी कॉलेज), नीतू (एलसीसी), रागिनी, प्रकृति सिंह, आस्था, नीतू, सुमेधा,अंजली, रोली, स्नेह (लविवि), फरवा (एलपीसी), सताक्षी (विद्यांत कॉलेज), खुशी, सुर्पिया, श्वेता, शिवानी चौधरी (सभी नव्युग), कोमल खनूजा, मीनू यादव, कंचन (एलसीसी) एवं दीपाली गुप्ता।

एलयू में दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन शनिवार को हुआ।

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से जारी किया गया शेड्यूल

एमसीए फर्स्ट सेमेस्टर, बीटेक और बीफार्मा की मेरिट भी आई

LUCKNOW(12 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय ने फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी में संचालित बीटेक, बीफार्मा, एमसीए प्रथम सेमेस्टर और बीटेक, बीफार्मा (तृतीय सेमेस्टर लेट्रल एंट्री) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए खाली सीटों पर आवेदन फार्म की मेरिट शनिवार को जारी कर दी. अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से इसे देख सकते हैं. इनमें मेरिट के आधार पर 16 नवंबर को स्पाट काउंसिलिंग में प्रवेश दिया जाएगा. अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल अभिलेखों के साथ सुबह नौ बजे द्वितीय कैंपस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में पहुंचना होगा.

i UPDATE

लखनऊ विश्वविद्यालय में खाली सीटों पर 16 को होगी काउंसिलिंग

7 को लिए गए थे आवेदन

फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि बीटेक, बीफार्मा, एमसीए प्रथम सेमेस्टर की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए सात नवंबर तक आवेदन लिए गए थे. इन पाठ्यक्रमों में जितने भी अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, उनकी मेरिट सूची में 104 और बिना प्रवेश परीक्षा वाले 21 अभ्यर्थी शामिल हैं. बीटेक लिट्रेल एंट्री की मेरिट में 16, पांच बिना प्रवेश परीक्षा वालों को शामिल किया गया है.

महिला क्रिकेट टीम का कैंप शुरू

शिमला में आयोजित होने वाली नार्थ जोन महिला क्रिकेट अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम के 10 दिवसीय कैंप का शुभारंभ शनिवार को हुआ. कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी खिलाड़ियों से परिचय लिया. उनके अभ्यास के बारे में जानकारी लेकर सभी को आगामी खेल प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी. लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि शिमला में क्रिकेट प्रतियोगिता 23 नवंबर से पांच दिसंबर तक होगी. इसके लिए टीम 21 नवंबर को रवाना होगा.

पीजी में प्रवेश के लिए सत्यापन कल

लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी कोर्सों में प्रवेश के लिए अभिलेख सत्यापन 14 नवंबर को होगा. प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर ने इसका नोटिफिकेशन शनिवार को जारी किया. उन्होंने बताया कि पीजी के विभिन्न विषयों में जिन अभ्यर्थियों का सीट आवंटन हो चुका है और उन्होंने प्रवेश फीस जमा कर दी है, उनका प्रोविजनल एलाटमेंट लेटर जारी हो गया है. वह अभ्यर्थी अपने एलाटमेंट लेटर व फीस रसीद के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं स्वत : हस्ताक्षरित प्रति लेकर 14 नवंबर को संबंधित विषय के विभाग में प्रमाण पत्रों आदि का सत्यापन करा सकते हैं.

मेरिट में इन्हें मिली पहली रैंक

- बीटेक प्रथम सेमेस्टर अजिता पांडेय प्रथम रैंक 96 फीसद
- बिना प्रवेश परीक्षा वालों में पहली रैंक कृष्णा शर्मा 96 फीसद
- बीटेक लिट्रेल एंट्री (तृतीय सेमेस्टर) में अर्चना यादव 91.57 फीसद
- बिना प्रवेश परीक्षा की सूची में पहली रैंक अजय कुमार सिंह 66.5 फीसद
- एमसीए प्रथम सेमेस्टर में अकांक्षा पांडेय 83.8 फीसद
- बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर में अमानत फातिमा 93.33 फीसद अंकों के साथ पहली रैंक

एमएससी बाटनी में चौथा आवंटन जारी

स्टूडेंट्स के पास 15 नवंबर तक है फीस जमा करने का मौका

LUCKNOW(12 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमएससी बाटनी और एमएससी माइक्रोबायोलाजी कोर्स में दाखिले के लिए शनिवार को चौथा आवंटन जारी कर दिया. छात्र-छात्राएं लागिन का प्रयोग कर इसे देख सकते हैं. इन कोर्सों में जिन अभ्यर्थियों को सीट मिल गई, उनको 15 नवंबर तक फीस जमा करने का मौका है. स्टूडेंट्स निर्धारित तिथि का ध्यान रखें

केकेवी में पर्यटन का कोर्स हुआ शुरू

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज (केकेसी) के इतिहास विभाग एवं प्राचीन इतिहास विभाग ने शनिवार को संयुक्त रूप से पर्यटन एवं आध्यात्मिक पर्यटन पर एक अतिरिक्त (ऐडआन) कोर्स की शुरुआत की. कोर्स कोर्डिनेटर प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि कोर्स के बारे में विस्तार से बताया. डा. उमेश सिंह ने कोर्स का पूरा सिलेबस विस्तार से पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया.

केकेसी में व्याख्यान

वहीं, श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी) में शनिवार को इम्प्लेशन एक पहेली विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के पूर्व कुलपति प्रो. जेवी वैशंपायन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि अब इम्प्लेशन का आकलन करने के लिए थोक मूल्य सूचकांक के स्थान पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का प्रयोग आरबीआई करता है.

तिलक ने भारत को एकता के सूत्र में बांधा था...

कालीचरण पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को समापन हो गया. आखिरी दिन मुख्य अतिथि सेंटर फार रटडीज आफ सोसाइटी एंड पालिटिक्स कानपुर के निदेशक प्रो. एके वर्मा उपस्थित रहे. उन्होंने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उनकी राष्ट्रीयता का उद्देश्य भारत को एकता के सूत्र में बांधना था. संगोष्ठी में डा. संजय कुमार ने कहा कि तिलक का राष्ट्रवाद पश्चिम के राष्ट्रवाद से बिल्कुल भिन्न है. प्रो. कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज जो आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा विकसित हो रही, वह तभी सफल होगी जब तिलक के स्वराज को लागू कर पाएंगे.

लखनऊ यूनिवर्सिटी में कैंपस रन आयोजित

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थापित जिम्नेजियम स्पोर्ट्स सेंटर की ओर से कैंपस रन का आयोजन किया गया. इसमें 100 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया. इस अवसर पर स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. अनुराग कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ यूनिवर्सिटी कल्चरल एवं स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष सतीश चंद्रा, अर्चना सिंह, निलेश सिंह आदि उपस्थित रहे.

एल्युमिनाई | लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह छात्रावास में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

ग्रेवी कम न पड़े इसलिए बढ़ाते रहते थे पानी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। हॉस्टल लाइफ कभी भूलने वाली नहीं होती है। यही वजह रही कि शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह छात्रावास में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन में जब लोग पहुंचे तो खुद को अपने कमरे में जाने से नहीं रोक सके और पुराने दिनों की यादों में खो गए। वर्तमान में एक महत्वपूर्ण पद पर तैनात पूर्व छात्र ने बताया कि किस तरह जब वो छात्रावास में खाना तैयार करते थे तो कोई न कोई आता ही रहता था। ऐसे में ग्रेवी कम न पड़े इसलिए उसमें पानी बढ़ाते रहते थे। इस पर वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़े।

कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति बृजराज सिंह ने किया। इसके बाद बृजराज सिंह अपने कमरा नंबर 97 में गए। उन्होंने छात्रावास की वर्तमान स्थिति पर खुशी जताई। छात्रों ने कहा कि हमारे समय में दो टाइम खाने की भी परेशानी होती थी। आज वॉशिंग मशीन, गीजर, वाई-फाई की सुविधा है। आपको सिर्फ पढ़ाई ही करनी है। विशिष्ट अतिथि अमर हबीबुल्लाह और आईएएस रमाकांत पांडेय, वरिष्ठ एल्युमिनाई जगन्नाथ सिंह, पूर्व शिक्षक डॉ. जेपी शुक्ला, डॉ. अर्चना शुक्ला, राजेश सिंह, कुलसचिव संजय मेधावी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रोवोस्ट डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, अनिल सिंह वीरू, अंशुमान, डीके सिंह आदि मौजूद रहे।

हबीबुल्लाह हॉस्टल में पूर्व छात्र सम्मेलन में कुलपति आलोक राय व अन्य। -अमर उजाला

महिला क्रिकेट कैंप शुरू

लखनऊ। शिमला में होने वाली नॉर्थ जोन महिला क्रिकेट अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए लविवि की महिला क्रिकेट टीम का विवि में विशेष कैंप हो रहा है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 10 दिवसीय कैंप का उद्घाटन किया। उन्होंने जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार, चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, क्रिकेट क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. अजय कुमार आर्या, प्रो. संगीता साहू, डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. अल्वी आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

JAGRAN CITY PAGE III

'हीटर पर बनाते थे चिकन, पानी डालकर ग्रेवी बढ़ाते थे दोस्त'

जासं, लखनऊ: अरे! यह वही कमरा नंबर 97 है, जहां तख्ता डालकर हम पढ़ते थे। हीटर पर चिकन बनाते थे। ग्रेवी में पानी डालकर पतला करने को लेकर दोस्त से बहस भी होती थी। दोस्त इस चिंता में ग्रेवी में पानी डालते थे कि कहीं चिकन कम न पड़ जाए। बिजली जाने पर खूब नारेबाजी होती थी। लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह छात्रावास में पुरातन छात्र सम्मेलन में शनिवार की शाम उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के न्यायाधीश बृजराज सिंह ने अपने हास्टल के संस्मरण सुनाए तो सभी ठहाके लगाने से खुद को नहीं रोक पाए।

सभी पुराने छात्र हास्टल में अपने-अपने कमरे में भी पहुंचे। हास्टल में वर्ष 1990 से 1996 तक रहने वाले न्यायाधीश बृजराज सिंह ने छात्रों से कहा कि वे कठिन परिश्रम से हर सफलता हासिल कर सकते हैं। हास्टल के पुराने छात्र रहे आईएएस रमाकांत पांडेय, आईपीएस विभुवन सिंह, कर्नल आदित्य प्रताप सिंह,, रिटायर्ड आईएएस जगन्नाथ सिंह, हरैया के विधायक अजय सिंह आदि पुरातन छात्रों ने अपने- अपने संस्मरण सुनाए। सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय, विशिष्ट अतिथि अमर हबीबुल्लाह, कुलसचिव संजय मेधावी, प्रोवोस्ट डा महेंद्र कुमार अग्निहोत्री रहे। आयोजक मंडल में अनिल सिंह वीरू, डीके सिंह, दिलीप कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंशुमान सिंह, हिमांशु सिंह, कपिल वर्मा, आरपी चौरसिया, अखिलेश वर्मा, राजेश सिंह के साथ वर्तमान छात्र मौजूद रहे। संचालन अंशु अवस्थी ने किया।

हबीबुल्लाह छात्रावास में आयोजित एल्युमिनाई मीट में तथि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को सम्मानित करते अनिल सिंह वीरू, साथ में डा. महेंद्र अग्निहोत्री, डा. राजेश्वर यादव, प्रो. सुधीर मेहरोत्रा, उपेंद्र सिंह, अंशुमान सिंह, डीके सिंह, कमलेश कुमार सिंह व अन्य ● साभार

न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ बृजराज सिंह के साथ 97 नंबर कमरे में सेल्फी लेते पुराने साथी व नए छात्र ● साभार

डा. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, प्रो. राकेश द्विवेदी व डा. चनके सिंह ● साभार

एल्युमिनाई मीट में मिलते पूर्व छात्र (बाएं से) हरैया से विधायक अजय सिंह व जगन्नाथ सिंह ● साभार

मैं यहां सोता था...

तथि के हबीबुल्लाह छात्रावास में आयोजित एल्युमिनाई मीट में उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ बृजराज सिंह 97 नंबर कमरा देखने पहुंचे। उन्होंने वर्तमान छात्रों से पुरानी यादें साझा की ● हमारा शिवरी

कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन...

लखनऊ (एसएनबी)। अपने व्यस्ततम समय से कुछ समय निकालकर हबीबुल्लाह छात्रावास पहुंचे अंतःवासी जब अपने पुराने कमरे देख रहे थे, तो शायद उनके मन में फिल्म दूर गगन की छांव का एक प्रसिद्ध गीत कोई लौटा दे मेरे वीते हुए दिन की याद जरूर आई होगी।

दरअसल शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित हबीबुल्लाह छात्रावास में पूर्ववर्ती छात्र का सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस दौरान वहां बैठे आईएएस रमाकांत पांडे समेत कई अतिथि अपने पुराने कमरों को देखने के लिए चल पड़े, वह सालों पुराने कमरों को देखकर भावविभोर हुए जा रहे थे, और लगातार उस समय की बातें भी बताते जा रहे थे। नए छात्र विशिष्ट अतिथियों की बातों को ध्यान पूर्वक सुन रहे थे। बहरहाल यह नजारा भी खूब था। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार राय अति विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, विशिष्ट अतिथि अमर हबीबुल्लाह और आईएएस रमाकांत पांडे तथा हरैया विधायक द्वारा दीप जलाकर की गई। एलुमनाई संघ द्वारा विशिष्ट विशिष्ट अतिथि बृजराज सिंह, पूर्व शिक्षक डॉ. जेपी शुक्ला, डॉ. अर्चना शुक्ला तथा अन्य को मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। पुरानी यादों को साझा करते हुए न्यायमूर्ति बृजराज सिंह भावुक हो गये और कहा जब लाइट चली जाती थी तो हमारे नारे लगते थे। उन्होंने तो कहा कि मेहनत करने वाले को सफलता जरूर मिलती है। आईएएस रमाकांत पांडे ने कहा कि हॉस्टल में पढ़ने वाले को कभी भी कोई परेशानी नहीं होती थी अन्य पूर्व छात्रों ने भी अपने उन दिनों की कई कहानियां सुनाई और वर्तमान छात्रों को पढ़ाई करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रोवोस्ट डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, अनिल सिंह वीरू, अंशुमान, डीके सिंह को यह कार्यक्रम कराने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्रावास के प्रोवोस्ट डॉ. महेंद्र कुमार अग्निहोत्री द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

- लाइट चली जाती थी तो लगते थे नारे : न्यायमूर्ति बृजराज सिंह
- हबीबुल्लाह छात्रावास में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का आयोजन

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

बीटेक, बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर की मेरिट जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए 16 को होगी काउंसिलिंग

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी में संचालित बीटेक, बीफार्मा, एमसीए प्रथम सेमेस्टर और बीटेक, बीफार्मा (तृतीय सेमेस्टर लेट्रल एंट्री) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए खाली सीटों पर आवेदन फार्म की मेरिट शनिवार को जारी कर दी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से इसे देख सकते हैं। इनमें मेरिट के आधार पर 16 नवंबर को स्पाट काउंसिलिंग में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल अभिलेखों के साथ सुबह नौ बजे द्वितीय कैंपस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में पहुंचना होगा।

फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि बीटेक, बीफार्मा, एमसीए प्रथम सेमेस्टर की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए सात नवंबर तक आवेदन लिए गए थे। इन पाठ्यक्रमों में जितने भी अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, उनकी मेरिट सूची व रैंक जारी कर दी है। बीटेक में सीधे प्रवेश की मेरिट सूची में 104 और बिना प्रवेश परीक्षा वाले 21 अभ्यर्थी शामिल हैं। बीटेक लिट्रेल एंट्री की मेरिट में 16, पांच बिना प्रवेश परीक्षा वालों को शामिल किया गया है। इसी तरह एमसीए प्रथम सेमेस्टर के लिए 19, बिना प्रवेश परीक्षा वाले तीन, बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर के लिए 48 अभ्यर्थियों के नाम हैं। उन्होंने बताया कि अभी यह सूचकांक के स्थान पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का प्रयोग आरबीआई करता है। थोक मूल्य सूचकांक में केवल उत्पादों को सम्मिलित किया जाता है, सेवाओं को नहीं। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. नीता साह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

नहीं पता चला है कि कितनी सीटें खाली हैं। जल्द ही इसकी संख्या जारी होगी।

मेरिट में इन्हें मिली पहली रैंक : बीटेक प्रथम सेमेस्टर-अजिता पांडेय प्रथम रैंक 96 फीसद, बिना प्रवेश परीक्षा वालों में पहली रैंक कृष्णा शर्मा 96 फीसद, बीटेक लिट्रेल एंट्री (तृतीय सेमेस्टर) में अर्चना यादव 91.57 फीसद अंकों के साथ पहली रैंक, बिना प्रवेश परीक्षा की सूची में पहली रैंक अजय कुमार सिंह-66.5 फीसद, एमसीए प्रथम सेमेस्टर में अकांक्षा पांडेय-83.8 फीसद अंकों के साथ पहली रैंक, बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर में अमानत फातिमा 93.33 फीसद अंकों के साथ पहली रैंक है।

बिना पहचान पत्र मिले छात्र : लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में लगातार तीसरे दिन भी चेकिंग अभियान जारी रहा। शनिवार को चीफ प्राक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी और उनकी टीम के अन्य सदस्यों ने पूरे कैंपस में सघन चेकिंग की। कई छात्र-छात्राएं बिना पहचान पत्र मिले। उन्हें सख्त हिदायत दी गई। साथ ही अभिभावकों से भी बात की गई।

एमएससी बाटनी, माइक्रोबायोलाजी में चौथा आवंटन जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमएससी बाटनी और एमएससी माइक्रोबायोलाजी कोर्स में दाखिले के लिए शनिवार को चौथा आवंटन जारी कर दिया।

छात्र-छात्राएं लागिन का प्रयोग कर इसे देख सकते हैं। इन कोर्सों में जिन अभ्यर्थियों को सीट मिल गई, उनको 15 नवंबर तक फीस जमा करने का मौका है।

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज में व्याख्यान

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी) में शनिवार को "इम्प्लेशन एक पहेली" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कुंलखंड विश्वविद्यालय झांसी के पूर्व कुलपति प्रो. जेवी वैशंपायन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि अब इम्प्लेशन का आकलन करने के लिए थोक मूल्य सूचकांक के स्थान पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का प्रयोग आरबीआई करता है।

अतिरिक्त कोर्स शुरू

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज के इतिहास विभाग एवं प्राचीन इतिहास विभाग ने शनिवार को संयुक्त रूप से पर्यटन एवं आध्यात्मिक पर्यटन पर एक अतिरिक्त (ऐडआन) कोर्स की शुरुआत की। कोर्स कोर्डिनेटर प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कोर्स के बारे में विस्तार से बताया। डा. उमेश सिंह ने कोर्स का पूरा सिलेबस विस्तार से पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

पीजी में प्रवेश के लिए सत्यापन कल

लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए अभिलेख सत्यापन 14 नवंबर को होगा। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर ने इसका नोटिफिकेशन शनिवार को जारी किया। उन्होंने बताया कि पीजी के विभिन्न विषयों में जिन अभ्यर्थियों का सीट आवंटन हो चुका है और उन्होंने प्रवेश फीस जमा कर दी है उनका प्रोविजनल एलाटमेंट लेटर जारी हो गया है। वह अभ्यर्थी अपने एलाटमेंट लेटर व फीस रसीद के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं स्वत : हस्ताक्षरित प्रति लेकर 14 नवंबर को संबंधित विषय के विभाग में प्रमाण पत्रों आदि का सत्यापन करा सकते हैं।

लवि में कैंपस रन

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थापित जिम्नेजियम स्पोर्ट्स सेंटर की ओर से कैंपस रन का आयोजन किया गया। इसमें 100 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर के स्पोर्ट इंचार्ज डॉ. अनुराग कुमार श्रीवास्तव, कल्चरल एवं स्पोर्ट कमेटी के अध्यक्ष सतीश चंद्रा, अर्चना सिंह, निलेश सिंह व उग्रसेन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

TRUE TIMES PAGE 2 & 4

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विवि में फिर हुई सघन जांच

पुलिस की मौजूदगी में प्रॉक्टर टीम ने विद्यार्थियों के चेक किए आई कार्ड, निकाला फ्लैग मार्च

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी और उनकी टीम के अन्य सदस्यों ने पूरे कैंपस में सघन चेकिंग की और छात्र-छात्राओं से आई कार्ड और उनके कक्षाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें अपने साथ किसी बाहरी को न लाने की सलाह भी दी।

लविवि की कैंटीन में बुधवार को हुए छात्र पर हमले के बाद से लगातार लखनऊ विश्वविद्यालय प्रयास कर रहा है कि परिसर में किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो। ऐसे में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देशानुसार प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी और उनकी टीम लगातार कैंपस में जांच कर रही है।

शनिवार को भी पुलिस बल के साथ प्रॉक्टर व उनकी टीम ने जगह-जगह छात्र-छात्राओं को रोका और उनके आईडी कार्ड चेक किए। इस दौरान बाहरी लड़के भी मिले जिनसे कैंपस में आने का कारण पूछ कर बेवजह यहां न रुकने की सलाह दी और जाने दिया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि विवि खुल रहा है और नए छात्र आ रहे हैं और प्रवेश प्रक्रिया भी जारी है। इसलिए चौकसी बरती जा रही है। पुलिस भी कैंपस में फ्लैग मार्च कर रही है।

छात्रों के आई कार्ड देखते लविवि के प्रशासनिक अधि